Pl. upload 18/9

अति–आवश्यक

# राजस्थान सरकार
## स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर


जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स :– 0141–2222403, ई–मेल:–dlbrajasthan@gmail.com वेब साईट:– www.lsg.urban.rajasthan.gov.in


क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/18/ 75123 दिनांक :– 17/09/2018

1. आयुक्त, नगर निगम, समस्त।
2. उप निदेशक (क्षेत्रीय), समस्त।
3. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
   परिषद/पालिका, समस्त।

विषय:– नगरीय निकायों द्वारा शिलान्यास एवं लोकार्पण हेतु तैयार समस्त विकास कार्यो की सूचना भिजवाने बाबत्।

प्रंसग :–प्रमुख शासन सचिव माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अतिरिक्त शासन सचिव, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर को प्रस्तुत निर्देश के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि प्रमुख शासन सचिव माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा समस्त संभागों में निम्न श्रेणी के विकास कार्यो की सूचना अतिशीघ्र चाही गई है :–

1. शिलान्यास के लिये तैयार कार्य।
2. लोकार्पण के लिये तैयार कार्य।
3. पांच वर्ष में किये गये विकास कार्यो का विवरण।

अत: दिनांक 18.09.2018 को दोपहर 12.00 बजे तक संलग्न प्रपत्र में सूचनायें उप निदेशक (क्षेत्रीय) कार्यालय के माध्यम से विभाग के ईमेल आई.डी budget2018dlb@gmail.com पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– प्रपत्र।

Sd/

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/18/ 75123 दिनांक :– 17/09/2018

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वा0 शासन विभाग राज0 जयपुर।
4. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
5. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
6. जिला कलक्टर, समस्त।
7. प्रोग्रामर, निदेशालय विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं ईमेल करने हेतु।
8. सुरक्षित पत्रावली।

17/9/18

(भूपेन्द्र माथुर)
मुख्य अभियन्ता

## प्रपत्र – 1

शिलान्यास :–

दिनांक :

विधानसभा क्षेत्र :–

जिला :–

संभाग :–

| क्र. सं. | नाम नगरीय निकाय | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि (राशि लाखों में) | सक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |

## प्रपत्र – 2

लोकार्पण :–

विधानसभा क्षेत्र :–

जिला :–

संभाग :–

| क्र. सं. | नाम नगरीय निकाय | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि (राशि लाखों में) | कार्य की वर्तमान भौतिक स्थिति | सक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |

## प्रपत्र – 3

पांच वर्ष में किये गये विकास कार्यो का विवरण :–

विधानसभा क्षेत्र :–

जिला :–

संभाग :–

| क्र. सं. | नाम नगरीय निकाय | कार्य का नाम (सड़क, नाली एवं अन्य प्रमुख कार्य) | वित्तीय वर्ष | कार्य की लागत (लाखो में) | वर्तमान स्थिति एवं विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

<u>प्रपत्र – 1</u>

शिलान्यास :–

दिनांक :

| क्र. सं. | नाम नगरीय निकाय | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि (राशि लाखों में) | सक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | झालरापाटन | चन्द्रभागा नदी विकास एवं जीर्णोद्धार कार्य | 500.00 | चन्द्रभागा नदी विकास एवं जीर्णोद्धार कार्य अन्तर्गत नदी की सफाई एवं गहरीकरण, घाट, छतरी, बाराद्वारी, चेन्जरूम, सार्वजनिक शौचालय एवं विद्युतिकरण का कार्य करवाया जाना प्रस्तावित है। जिसका कार्यादेश दिनांक 27.09.2018 को जारी किया जाकर दिनांक 28.09.2018 से कार्य प्रारम्भ करवाया जाना प्रस्तावित है। जिसको 8 माह में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। |
| 2. | पिडावा | सड़क निर्माण RUIRP फेज प्रथम | 400.00 | नगर पालिका पिडावा क्षेत्र में बजट घोषणा वर्ष 2017–18 RUIRP अन्तर्गत सीसी सड़क, एवं नाला निर्माण के 10 कार्य किये जाने है। जिसकी निविदा प्रकिया पूर्ण कर दिनांक 13.09.2018 को कार्यादेश जारी किया गया है। |
| | | सड़क निर्माण RUIRP फेज द्वितीय | 100.00 | नगर पालिका पिडावा क्षेत्र में बजट घोषणा वर्ष 2018–19 RUIRP-II अन्तर्गत सीसी सड़क, इन्टरलोकिंग टाईल एवं नाला निर्माण के 13 कार्य किये जाने है। जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर दिनांक 20.09.2018 को कार्यादेश जारी किया जाना है। |
| 3. | अकलेरा | आश्रय स्थल निर्माण कार्य | 50.00 | नगर पालिका अकलेरा क्षेत्र में एनयूएलएम योजनान्तर्गत आश्रयविहीन असहाय, बेघर, बेसहारा लोगो को मूलभूत सुविधायें सहित आश्रय स्थल का निर्माण राशि रू. 50.00 लाख से किया जा रहा है। जिसमें यथा स्थायी आश्रय स्थल, बिस्तर (दरी, रजाई, गद्दे, कम्बल), शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पुरूषों एवं महिलाओं के लिये 50–50 बेड की रहने/सोने एवं शौचालय/स्नानघर के अलग–अलग व्यवस्था, सर्दी के मौसम में तापने के लिये लकडी व कोयले की व्यवस्था, बीमार व्यक्तियों के लिये दवाईयॉ, क्लॉक रूम एवं भोजन इत्यादि की व्यवस्था किये जाने का प्रावधान है। उक्त कार्य शीघ्र प्रारम्भ करवाकर दिनांक 15.03.2019 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। |

for Sample only

## प्रपत्र – 2

लोकार्पण :-

| क्र. सं. | नाम नगरीय निकाय | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि (राशि लाखों में) | कार्य की वर्तमान भौतिक स्थिति | सक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | झालरापाटन | अम्बेड़कर भवन निर्माण कार्य | 48.00 | 75% कार्य पूर्ण | नगर पालिका क्षेत्र झालरापाटन के वार्ड नं. 24 (ठाकुर सहाब की बावडी के पास गिन्दौर) में अम्बेडकर भवन का निर्माण 3850 वर्गफुट क्षेत्र में राशि रू. 48.00 लाख रू. में किया जा रहा है। जिसमें एक हॉल, चार कमरे, रसोईघर, शौचालय पुरूष/महिला एवं पार्किंग, पीने के पानी आदि की व्यवस्था की गई है। उक्त कार्य लगभग 75% पूर्ण हो चुका है। प्लास्टर, फर्श दरवाजे, खिडकीयां एवं कलर वाशिंग का कार्य प्रगतिरत है। |
| 2. | भवानीमंडी | अम्बेड़कर भवन निर्माण कार्य | 48.00 | 95% कार्य पूर्ण | नगर पालिका क्षेत्र जवाहर नगर कालोनी भवानीमंडी में अम्बेडकर भवन का निर्माण राशि रू. 48.00 लाख रू. में किया जा रहा है। जिसमें एक हॉल, स्टोर रूम, रसोईघर, शौचालय पुरूष/महिला एवं पार्किंग, पीने के पानी आदि की व्यवस्था की गई है। उक्त कार्य लगभग 95% पूर्ण हो चुका है। दरवाजे, खिडकीयां एवं कलर वाशिंग का कार्य प्रगतिरत है। |
| 3. | पिडावा | अम्बेड़कर भवन निर्माण कार्य | 48.00 | 95% कार्य पूर्ण | नगर पालिका क्षेत्र पिड़ावा के वार्ड नं. 5 (सराय) में अम्बेडकर भवन का निर्माण 2600 वर्गफुट क्षेत्र में राशि रू. 48.00 लाख रू. में किया जा रहा है। जिसमें एक हॉल, स्टोर रूम, रसोईघर, शौचालय पुरूष/महिला एवं पार्किंग, पीने के पानी आदि की व्यवस्था की गई है। उक्त कार्य लगभग 95% पूर्ण हो चुका है। दरवाजे, खिडकीयां एवं कलर वाशिंग का कार्य प्रगतिरत है। |
| 4. | अकलेरा | अम्बेड़कर भवन निर्माण कार्य | 48.00 | 80% कार्य पूर्ण | नगर पालिका क्षेत्र पॉवर हाउस के पीछे वार्ड नं. 14 अकलेरा में अम्बेडकर भवन का निर्माण राशि रू. 48.00 लाख रू. में किया जा रहा है। जिसमें एक हॉल, स्टोर रूम, रसोईघर, शौचालय पुरूष/महिला एवं पार्किंग, पीने के पानी आदि की व्यवस्था की गई है। उक्त कार्य लगभग 80% पूर्ण हो चुका है। प्लास्टर, फर्श दरवाजे, खिडकीयां एवं कलर वाशिंग का कार्य प्रगतिरत है। |

for Sample only